आज़ादी का अमृत महोत्सव

DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE

(University of Delhi)

Main Wazirabad Road, Yamuna Vihar, Delhi-110094, Phones: 22814126, Telefax: 22814747
Email: info@drbrambedkarcollege.ac.in; brambedkarcollege.du@gmail.com;
principal@drbrambedkarcollege.ac.in; www.drbrambedkarcollege.ac.in

drbrac @bhim_ambedkar brambedkarcollege DrBRAC DU DrBRAC DU

Ref: BRAC/PO/Admin/2022-23/ Dated: 02.11.2022

प्रेस विज्ञप्ति

अंबेडकर कॉलेज में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

डी.यू. के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज में 2 नवंबर, 2022 को नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में दिल्ली युनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, विशिष्ट अतिथि गोकुलपुरी थाने के ए.सी.पी. अभिषेक गुप्ता, कॉलेज गवर्निंग बॉडी की अध्यक्षा रीता मैथ्यू बेंजामिन और कॉलेज प्राचार्य प्रो. आर एन दुबे उपस्थित थे। प्रो. दुबे ने मुख्य अतिथि डॉ. विकास गुप्ता और अभिषेक गुप्ता का स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. दुबे ने 2 वर्ष बाद ऑफलाइन मॉड में हो रहे ओरिएंटेशन कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। प्रो. दुबे ने इस बात पर खुशी जताई कि अम्बेडकर कॉलेज 11 यू.जी. कोर्स के साथ-साथ 3 प्रोफेशनल कोर्स भी ऑफर करता है। जिसमें बी.बी.ई., सोशल वर्क ऑनर्स और हिन्दी पत्रकारिता कोर्स शमिल है। प्रो. दुबे ने नए विद्यार्थियों को बताया कि अम्बेडकर कॉलेज में विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए आधुनिक क्लासरूम, कंप्यूटर लैब और मीडिया लैब भी हैं। डॉ. विकास गुप्ता ने नई शिक्षा नीति का ज़िक्र करते हुए कहा कि इसका केंद्र बिन्दु सिर्फ़ विद्यार्थी हैं। डॉ. गुप्ता ने ऑनर्स कोर्स में एडमिशन न मिलने वाले विद्यार्थीयों को खुशबरी देते हुए कहा कि 4 वर्ष का स्नातक प्रोग्राम के रूप में करने वाले विद्यार्थियों को भी ऑनर्स की डिग्री दी जाएगी।

रीता मैथ्यू बेंजामिन ने कहा कि यह कॉलेज आपका दूसरा घर है।आप कॉलेज को जितना सहयोग और अपनापन देंगे, उससे ज्यादा आप यहां से लेकर जाएंगे। ए.सी.पी. अभिषेक गुप्ता ने नए विद्यार्थियों से अपना अनुभव साझा करते हुए, कॉलेज में बेसिक लॉ स्टडी करवाने पर जोर दिया। नए विद्यार्थियों को सलाह दी कि यूथ ऐज में होने वाली गलतियों से बच कर कॉलेज लाइफ के पूरे मज़े लें।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ की गई थी।

ओरिएंटेशन कमेटी की संयोजिका और कार्यक्रम संचालिका डॉ. मोनिका अहलावत ने नए विद्यार्थियों का कोर्स के प्राध्यापकों से परिचय कराया। ऑरिंटेशन कमेटी के सह-संयोजक डॉ. संजय शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कॉलेज कल्चरल कमेटी को विशेष धन्यवाद दिया। राष्ट्रगान के साथ ओरिएंटेशन कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ।

02.11.22

प्राचार्य

प्रो. आर एन दुबे